
# भारत के जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र का वकिास

[स्रोत: पी.आई.बी](#).

## चर्चा में क्यों?

**"जैव रसायन और जैव प्रौद्योगिकी में उभरते नवाचार**" सम्मेलन में, **केंद्रीय वज्ञिान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने भारत के** [जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र](#) **के वकिास** और **हिमालयी क्षेत्र** (विशेष रूप से **जम्मू और कश्मीर**) की जैव प्रौद्योगिकी क्षमता पर प्रकाश डाला।




## भारत में जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र से संबंधित प्रमुख तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:** यह **जैविक प्रणालियों, जीवों या उनके घटकों** का उपयोग करके ऐसे उत्पाद और प्रौद्योगिकियों के निर्माण पर केंद्रित है जिससे **कृषि एवं चिकित्सा उद्योग को लाभ पहुँचता** हो।

**प्रकार:**

- **वकिास और संभावना: भारत की** [जैव अर्थव्यवस्था](#) एक दशक (2014-24) में **10 गुना** से अधिक बढ़ी है जो वर्ष 2014 के **10 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 130 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गई है तथा वर्ष 2030 तक 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक करने का लक्ष्य है।
  - **जम्मू और कश्मीर में संभावनाएँ: समृद्ध वनस्पति और औषधीय पौधों** की विविधता फार्मास्यूटिकल और हर्बल उद्योगों के लिये संभावनाएँ प्रदान करती है।
    - जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान जलवायु लचीलेपन और उत्पादकता के लिये उच्च ऊँचाई वाली फसलों को अनुकूलित कर सकता है।
    - [अरोमा मिशन](#), **फ्लोरीकल्चर क्रांति** (व्यावसायिक फूलों की कृषि)।
- **वर्ष 2024 में प्रमुख उपलब्धियाँ: विश्व की पहली मानव पेपिलोमावायरस (HPV) वैक्सीन** का विकास।
  - '[नेफिथ्रोमाइसिन](#)' की खोज, एक अभूतपूर्व **स्वदेशी एंटीबायोटिक।**
  - [हीमोफीलिया](#) के लिये पहला सफल जीन थेरेपी प्रयोग।
- **सरकार की प्रमुख पहल:** [BioE3 नीति](#), [राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (NRF)](#), [बायो-राइड योजना](#) **(2014: 50 बायोटेक स्टार्टअप, 2025: 9,000)।**
- **वैश्विक नवाचार में प्रगति: भारत की** [वैश्विक नवाचार सूचकांक 2024](#) में रैंकिंग **वर्ष 2014 के 80 वें स्थान से सुधारकर 39 वें स्थान** पर पहुँच गई है।
  - जैव-विनिर्माण में भारत **एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तीसरे** तथा **विश्व स्तर पर 12वें स्थान** पर है।
  - विश्व के **शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में अब 5,352** से अधिक **भारतीय शोधकर्ता** शामिल हैं।

## अरोमा मिशन (लैवेंडर क्रांति)

- **परिचय:** जम्मू-कश्मीर में प्रारंभ हुई यह पहल भारत के **अरोमा उद्योग** को बढ़ावा देती है, जिसमें सुगंधित फसलों और आवश्यक तेल उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाता है।
- **केंद्रित क्षेत्र: लेमनग्रास, लैवेंडर, वेटिवर, पामारोसा** आदि की कृषि, जिनसे प्राप्त सुगंधित तेलों का उपयोग **सौंदर्य प्रसाधनों, सुगंध चिकित्सा (अरोमाथेरेपी) और खाद्य स्वाद** बढ़ाने में किया जाता है।
- **नोडल एजेंसी:** CSIR-केंद्रीय औषधीय एवं सुगंधित पौधा संस्थान **(CSIR-CIMAP), लखनऊ।**
- **संभावित प्रभाव:** इसमें प्रतिवर्ष 2000 टन से अधिक तेल उत्पादन, जिसकी **वार्षिक कीमत लगभग 300 करोड़ रुपए**, 60 लाख ग्रामीण रोज़गार और किसानों के लिये प्रति हेक्टेयर वार्षिक **आय 60,000–70,000 रुपए शामिल है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????**

**प्रश्न. माइकोराइजल (कवकमूलीय) जैव प्रौद्योगिकी को निम्नीकृत स्थलों के पुनर्वासन में उपयोग में लाया गया है क्योंकि कवकमूल के द्वारा पौधों में (2013)**

1. सूखे का प्रतिरोध करने एवं अवशोषण क्षेत्र बढ़ाने की क्षमता आ जाती है
2. pH की अतिसीमाओं को सहन करने की क्षमता आ जाती है
3. रोगग्रस्तता से प्रतिरोध की क्षमता आ जाती है

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

(A) केवल 1
(B) केवल 2 और 3
(C) केवल 1 और 3
(D) 1, 2 और 3

**उत्तर: (D)**

---

**प्रश्न. वर्तमान में, वैज्ञानिक एक गुणसूत्र पर जीन या डीएनए अनुक्रमों की व्यवस्था या सापेक्ष स्थिति निर्धारित कर सकते हैं। इस ज्ञान से हमें क्या फायदा होता है? (2011)**

1. पशुधन की वंशावली जानना संभव है।
2. सभी मानव रोगों के कारणों को समझना संभव है।
3. रोग प्रतिरोधी पशु नस्लों को विकसित करना संभव है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3
(D) 1, 2 और 3

**उत्तर: (C)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/growth-of-india-s-biotechnology-sector